हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार, 10 फरवरी 2025

11 वार्ड-16 में नाली और गली निर्माण कार्य का शुभारंभ



12 प्रतियोगिता : नशे से दूर रहें युवा और खेलों को अपनाएं



# इस बार साढ़े 12 हजार अंकों का होगा स्वच्छता सर्वेक्षण, कई खामियां गिरा सकती हैं रैंकिंग

## सर्वे में नेगेटिव मार्किंग भी, पिछली बार 63 अंकों की गिरावट से हुई थी किरकिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर परिषद ने तैयारियां शुरू की हुई हैं। सफाई की यह परीक्षा इस बार साढ़े 12 हजार अंकों का होगा। शहर में फैली गंदगी और शौचालयों की बदहाली को देखते हुए नगरपरिषद की रैंकिंग बढ़ने की उम्मीदें कम हैं। इस बार सर्वे में नेगेटिव मार्किंग भी होगी। नगर परिषद की तरफ से सर्वे के लिए भेजी गई उपलब्धियों, गतिविधियों व तैयारियों की रिपोर्ट में यदि कोई जानकारी झूठी पाई जाती है, तो उसके अंक कटेंगे।

बता दें कि बहादुरगढ़ नगर परिषद वर्ष 2017 में 353वें, 2018 में 209वें, 2019 में 228वें, 2020 में 216वें, 2021 में 120वें, 2022 में 111वें और 2023 में 174वें रैंक पर रही थी। हालांकि बीते एक साल के दौरान विभिन्न कारणों से विकास और सौंदर्यकरण के काम लगभग ठप पड़े हैं।

हड़ताल समेत अन्य कारणों से सफाई आदि अन्य गतिविधियों भी प्रभावित हैं। कचरा संग्रहण व कचरा प्रबंधन समेत शहर की सफाई व्यवस्था में अभी भी कई खामियां हैं, जिसके चलते रैंकिंग बढ़ती नजर नहीं आ रही।

इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में 3 हजार अंकों की बढ़ोतरी करते हुए 12 हजार 500 अंक किए गए हैं। सर्वे के दौरान शहर में दृश्यमान स्वच्छता के लिए 1500 अंक निर्धारित किए हैं। इसी तरह कचरे का पृथक्करण, संग्रहण और परिवहन के 1000 अंक तय किए गए हैं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 1500 अंक, स्वच्छता तक पहुंच के 1000 अंक, उपयोग किए गए जल प्रबंधन के लिए 1000 अंक, डीलिजलिंग सेवाओं का मशीनीकरण करने के 500 अंक, स्वच्छता के लिए वकालात के 1500 अंक, परिस्थिति की तंत्र और संस्थागत मापदण्डों की मजबूती के 1000 अंक, सफाई मित्रों का समग्र कल्याण करने के 500 अंक, नागरिकों से मिलने वाली प्रतिक्रिया और उनकी शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था के 500 अंक जोड़े गए हैं। गारबेज फ्री सिटी के 1300 तथा ओडीएफ सर्वे के 1200 अंक निर्धारित हैं।

**शहर के एमआईई पार्ट बी में लगे गंदगी के ढेर**



### घर-घर से नहीं उठाया जा रहा कचरा

पार्षद रमन यादव के अनुसार अब भी शहर के बड़े हिस्से में प्रतिदिन ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा घर-घर से कचरा संग्रहण नहीं किया जाता। अधिकांश शौचालय बदहाल हैं। शहर में आए दिन पानी भरने की समस्या, अवरुद्ध नाले, समय पर सफाई नहीं होना आदि खामियों के चलते रैंकिंग गिरने की आशंका है।

### डोर-टू-डोर किया जा रहा कूड़े का उठान

सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा के अनुसार स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार कई बड़े बदलाव किए गए हैं। पहली बार नेगेटिव मार्किंग को लागू किया गया है। स्वच्छता की दिशा में बेहतर काम किया जा रहा है। पहले से अधिक मात्रा में कूड़े का उठान डोर-टू-डोर किया जा रहा है। उम्मीद है कि बहादुरगढ़ नगर परिषद को इस बार ज्यादा अच्छे अंक मिलेंगे।

# चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर तानी पिस्तौल

## डीघल टोल प्लाजा के पास पुलिस ने रुकवाई थी गाड़ी, युवक फरार, केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कंट्रोल रूप से मिली सूचना के आधार पर क्षेत्र के डीघल टोल प्लाजा पर वाहन रुकवा कर तलाशी लेने वाली पुलिस टीम पर एक गाड़ी सवार युवकों द्वारा गाड़ी चढ़ाने व पुलिसकर्मी पर पिस्टल तानने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में ईएचसी तरुण कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम जब वह डीघल टोल नाका पर तैनात था तो करीब साढ़े सात बजे कंट्रोल रूम से सैट पर एक वीटी प्राप्त हुई कि एक काली स्कॉर्पियो में कुछ लड़के रोहतक में फायरिंग करके भागे हैं। उन्हें नाकबंदी करके राउंड अप किया जाए।

सूचना के बाद जब वे रोहतक की तरफ से आने वाले वाहनों को रुकवाकर चेकिंग कर रहे थे तो उन्हें काले रंग की संदिग्ध स्कॉर्पियो गाड़ी आई जिसे उन्होंने रुकवाने का प्रयास किया। ईएचसी तरुण कुमार के अनुसार गाड़ी चालक ने गाड़ी रोकने की बजाए उस पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की लेकिन टोल नाका होने के कारण गाड़ी रुक गई। इसके बाद गाड़ी से दो युवक उतरे तो जैसे ही वह उनकी चैकिंग करने गया उनमें से एक युवक ने उस पर पिस्टल तान दी। उसने पिस्टल को हाथ मारा तो वह नीचे गई। तरुण कुमार के अनुसार इसके बाद वे दोनों युवक गाड़ी में बैठ कर भाग निकलने में सफल हो गए जबकि उनका पिस्टल मौके पर रह गया। पुलिस को दी शिकायत में गाड़ी का नंबर भी दिया गया है। ईएचसी की शिकायत पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करने व पिस्टल तानने जैसी विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। सूचना के बाद एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए।

### फायरिंग कर भागे थे

■ रोहतक में फायरिंग करके भागने की सूचना पर कार्रवाई

## खबर संक्षेप

### बिजली कर्मचारी आज प्रदर्शन करेंगे

**बहादुरगढ़।** बिजली निगम में डीसी रेट पर कार्यरत कर्मचारियों की सेलरी सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार को प्रदर्शन किया जाएगा। एचएससीबी वर्कर यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को 9 से 12 बजे तक काम छोड़ प्रदर्शन करने का एलान किया गया है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि हमारा मुद्दा डीसी रेट के साथी कर्मचारियों को सेंक्शन व सेलरी दिलाना है।

### मातनहेल गांव से तीन भैंस और कटड़ा चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मातनहेल में चोरों द्वारा प्लाट में बंधी तीन भैंसों व एक कटड़े को चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव निवासी रिपुदमन ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करता है। उसने पांच पशु पाले हुए हैं जिन्हें वह खापड़वास रोड स्थित अपने प्लाट में बांधता है। रविवार की अलसुबह करीब पांच बजे जब वह पशुओं को संभालने प्लाट में पहुंचा तो वहां से तीन भैंस व एक कटड़ा चोरी हो चुके थे। उसने अपने स्तर पर चोरी हुए पशुओं की तलाश भी लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गुढ़ा गांव में रिफाइंड से भरी गाड़ी चुराई

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव गुढ़ा में रिफाइंड से भरी एक गाड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में गुढ़ा निवासी मनफूल ने बताया कि वह महला माजरा सोनीपत की एक निजी कंपनी में पिछले करीब पांच वर्षों से चालक की नौकरी करता है। वह शनिवार को रिफाइंड से भरी गाड़ी लेकर कंपनी से चला था। उसे यह सामान हिसार पहुंचाना था। शाम करीब सात बजे वह गाड़ी लेकर अपने गांव आ गया और उसने वह गाड़ी अपने घर के सामने खड़ी कर दी। इसके बाद रविवार की अलसुबह करीब पांच बजे वह गाड़ी ले जाने के लिए घर से निकला तो सामान से भरी गाड़ी चोरी हो चुकी थी।

### स्वयंसेवकों को कराया सूर्य नमस्कार

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कार व योगाभ्यास कराया गया। शिविर में आयुष विभाग से योग सहायक सपना ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराते हुए कहा कि यह योग के जरिए अनेक बीमारियों से निजात मिल सकती है। नियमित योग करने से जहां व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है वहीं स्फूर्ति का भी अनुभव होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योग करने, सैर करने व पौष्टिक भोजन लेने की सलाह दी।

**यूपी के रायबरेली का रहने वाला रंजीत गुम हो गया था**

# भटक रहे मंदबुद्धि को परिजनों से मिलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

डेरा प्रेमी परिवार ने रविवार को एक मंदबुद्धि को उनके परिवार को सौंपते हुए इंसानियत का फर्ज निभाया। मांडोठी गांव निवासी रोहित इंसान ने शनिवार को गांव की सड़क पर एक मंदबुद्धि को देखा। यूपी के रायबरेली का रहने वाला रंजीत भटक रहा था। रोहित इंसान ने डेरा की आईटी विंग के सदस्य मणि शंकर तथा अंकित इंसान के साथ मिलकर गूगल की सहायता से गांव के सरपंच का फोन नंबर निकाला। सरपंच को रणजीत सिंह का फोटो दिखाते हुए परिवार की हासिल की। बाद में मोबाइल पर उनसे संपर्क किया। रविवार को रंजीत का भतीजा बलवंत सिंह अपने दो रिश्तेदारों के साथ अपने फूफा को लेने आया। डेरा प्रेमियों ने ग्रामीणों की मौजूदगी में रंजीत को विदा किया। रंजीत के परिजनों ने डेरा प्रेमियों का आभार जताया। रोहित इंसान ने बताया कि वे अब तक 25 मंदबुद्धियों को उनके परिवार को सौंप चुके हैं।



बहादुरगढ़। भटक रहे रंजीत को परिजनों के हवाले करते डेरा प्रेमी।

# संदिग्ध हालात में बुजुर्ग महिला की मौत

- गांव धारौली में हुई घटना, बेटा बोला, कई दिन से भोजन भी नहीं कर रही थी
- महिला के मायके वालों ने बेटे पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव धारौली में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। मृतका की पहचान करीब 74 वर्षीया चमेली देवी पत्नी चंद्र सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस द्वारा मृतका के पुत्र रविंद्र के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। मृतका के शव पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस को दिए बयान में मृतका के पुत्र रविंद्र ने बताया कि उसके पिता का देहांत करीब आठ वर्ष पहले हो चुका है। इकलौता पुत्र होने के कारण वह अपनी पत्नी व बच्चों सहित मां के साथ ही रहता था। उसकी मां बुजुर्ग होने के कारण अधिकतर बीमार रहती थी। पिछले तीन वर्षों से वह चारपाई पर थी और पिछले कुछ दिनों से उससे कुछ भी खाया-पिया नहीं जा रहा था। इस कारण रविवार सुबह उनकी मौत हो गई।



झज्जर। पोस्टमार्टम के बाद शव ले जाते हुए परिजन।

### मां के साथ अमानवीय व्यवहार का आरोप

इसी मामले में दूसरी ओर मृतका के मायके वाले लोगों ने मृतका के पुत्र को उसकी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि मृतका का पुत्र अपनी मां को प्रताड़ित करता था। उसकी प्रताड़ना के कारण बुजुर्ग महिला की मौत हुई है। इस संबंध में परिजनों द्वारा एक वीडियो भी वायरल किया है। हालांकि वीडियो पुराना बताया जा रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति खाट पर लेटी बुजुर्ग महिला के साथ अभद्र व्यवहार करता हुआ दिखाई देता है। बुजुर्ग महिला के मायके पक्ष के लोगों का यह भी कहना रहा कि मृतका ने अपने मायके वाली जमीन अपने भाई के नाम कर दी थी जिस कारण उसके पुत्र व पुत्रवधू द्वारा उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था।

### खेत में लगे सोलर पैनल से मोटर चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव पलड़ा में खेत से सोलर मोटर चोरी होने की घटना सामने आई है। पुलिस को दी शिकायत में दानीराम ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसने अपने खेत में सोलर पैनल लगवा रखा है। उसने बीती एक फरवरी को खेत में पानी दिया था। इसके बाद जब वह रविवार को खेत में पहुंचा तो वहां से मोटर चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# निर्मला बनी मिड-डे मील वर्कर यूनियन की प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को मिड-डे मील वर्कर यूनियन हरियाणा की जिला इकाई का छठा सम्मेलन निर्मल व दर्शना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सम्मेलन का संचालन जिला सचिव सरोज दुजाना व सफाई कर्मचारी यूनियन के संदीप मारौत ने किया। सम्मेलन के दौरान जयपाल गुढ़ा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से रमेश जाखड़, दिलबाग दलाल, मिड-डे मील यूनियन के महासचिव जय भगवान आदि ने संबोधित किया। सीआईटीयू की जिला सचिव किरण ने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर सरकार की पैसा वसूलने की मंशा का सीआईटीयू विरोध करती है। इस दौरान सर्व सम्मत्ति द्वारा पदाधिकारियों का चुनाव भी किया गया। जिसमें निर्मला को प्रधान, शीला व मोनिका को उपप्रधान, सरोज दुजाना को सचिव, प्रेम व दर्शना को सहसचिव, संदीप मारौत को कैशियर बनाया गया। इसके अलावा मीनू, शालू, आशा, बिमलेश, शर्मिला, सरिता व सुनीता को कमेटी सदस्य चुना गया।



# सराय गांव में मारपीट कर स्कूटी छीनी

**बहादुरगढ़।** सराय औरंगाबाद में बीती रात को छीना झपटी की वारदात हो गई। बाइक सवार तीन युवकों ने कैफे कर्मचारियों से मारपीट कर स्कूटी छीन ली। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मातनहेल के निवासी विक्की का कहना है कि वह फिलहाल बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 में रहता है। पीडीएम यूनिवर्सिटी के निकट एक कैफे खोल रखा है। मेरे कैफे पर कार्यरत कर्मचारी आकाश ने रात साढ़े 11 बजे कॉल कर मुझे सूचना दी कि उसके साथ वारदात हो गई है। आकाश ने बताया कि वह पुराने बस अड्डे पर खाना खाकर अपने दोस्तों संग कैफे पर लौट रहा था। जब सराय औरंगाबाद में पहुंचा तो बाइक सवार तीन युवकों ने रास्ता रोककर उनसे झगड़ा शुरू कर दिया। मारपीट करने के बाद स्कूटी छीन ले गए। यह सूचना पाकर मैं तुरंत मौके पर पहुंचा और पुलिस को भी सूचना दी। उधर, पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। विक्की की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच चल रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात सुलझा ली जाएगी।

### शादी में आए बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ी, मौत

**बहादुरगढ़।** शहर की एक कॉलोनी में आयोजित शादी समारोह में आए एक बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ गई। इस वजह से उनकी जान चली गई। पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है। मृतक की पहचान करीब 67 वर्षीय नारायण सिंह के रूप में हुई है। गुरुग्राम के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार, नजफगढ़ रोड स्थित बैंक कॉलोनी में वह पत्नी सहित शादी समारोह में आए हुए थे। वे कुर्सी पर बैठे थे। इसी दौरान हुई एक दुर्घटना के चलते उनकी तबीयत बिगड़ गई।

### ट्रक और कैंटर की टक्कर में युवक की मौत, चालक गंभीर

**बहादुरगढ़।** कसार बाईपास के निकट रविवार की अल सुबह ट्रक और कैंटर की टक्कर हो गई। हादसे में कैंटर में सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि चालक को भी गंभीर चोट आई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान 21 वर्षीय अजय के रूप में हुई है। वह रोहतक के बलियाना गांव का रहने वाला था। एक कंपनी में बतौर मुंशी कार्यरत था। जानकारी के अनुसार, अजय कैंटर में सवार होकर दिल्ली से रोहतक जा रहा था। बहादुरगढ़ इलाके में बेरी फ्लाईओवर के पास पहुंचे तो यहां उनके आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे इनका कैंटर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। इस भीषण टक्कर में कैंटर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में अजय व चालक को काफी चोट आई।

**षड़यंत्र के तहत नाले निर्माण के लिए 268.03 लाख मंजूर कराने का आरोप**

# नाले की टेंडर प्रक्रिया पर भाजपा पार्षद ने सवाल खड़े किए, जांच करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लाइनपार के छोटूराम नगर में नाला निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पर भाजपा की ही पार्षद ने फिर से सवाल खड़े किए हैं। पार्षद का आरोप है कि षड़यंत्र के तहत नाले निर्माण के लिए 268.03 लाख रुपये की राशि मंजूर कराई गई है। डीएमसी को शिकायत देकर टेंडर को निरस्त करने तथा मामले में विजिलेंस जांच की मांग उठाई गई है।

वार्ड-10 की पार्षद राजकुमारी धाकरे का कहना है कि मेरे पति हरिमोहन धाकरे ने अपने पार्षद कार्यकाल के दौरान छोटूराम नगर में निकासी नाला बनवाया था। फिलहाल नाला जर्जर हालत में है। जब इस नाले को बनाने की बारी आई तो षड्यंत्र रच दिया गया। कुछ अधिकारियों और राजनीतिक लोगों ने मिलकर मौका देखे बिना ही नाले को वार्ड 11 में दर्शा कर हरियाणा सरकार से मंजूर कराई गई 268.3 लाख रुपये की राशि हड़पने के मकसद से 2022 में स्वीकृति ले ली।

### पहले भी अधिकारियों को बताया, मामला ठंडे बस्ते में रहा



पार्षद राजकुमारी

बकौल राजकुमारी, जब वह पार्षद बनी तो उन्होंने इस पर संज्ञान लिया और नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता, नगर आयुक्त, उपायुक्त आदि को शिकायतें दी। जब कहीं भी सुनवाई नहीं हुई तो पांच जुलाई 2024 को ग्रीवेंस कमेटी के समक्ष मामले को रखा। तब तत्कालीन उपायुक्त ने एडीसी झज्जर को जांच करने की सिफारिश की। फिर एडीसी ने 11 सितंबर 2024 को जांच कर डीसी झज्जर को रिपोर्ट सौंप दी और 12 सितंबर को तत्कालीन डीएमसी को यह कॉपी मिली। कई महीने बाद 9 जनवरी 2025 को हमें यह रिपोर्ट मिली। रिपोर्ट में साफ लिखा है कि यह नाला वार्ड दस में 1859, वार्ड-9 में 106 मीटर तथा वार्ड-11 में 442 मीटर पड़ता है। लेकिन षड़यंत्र के तहत इसे एक ही वार्ड में दिखाकर स्वीकृति ले ली गई। जो कि हमारे वार्ड व मेरे साथ सौतेला व्यवहार है। हमनें डीएमसी को नाले का टेंडर रद्द कर नए सिरे से तीनों वार्डों के नाम से मंजूरी लिए जाने की मांग रखी लेकिन मामला ठंडे बस्ते में रहा। अब फिर से नव नियुक्त डीएमसपी को मामले में जांच करने के लिए आग्रह किया है। हमारी मांग है कि गलत जगह पर बनाए जा रहे नाले के काम को रोका जा, तीनों वार्ड के नाम से मंजूरी मिलने के बाद ही काम शुरू किया जाए। मामले में विजिलेंस जांच की जाए।

### मंदिर से चोरी करने मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किए

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा क्षेत्र के गांव पहाड़ीपुर स्थित दादा गोसांई मंदिर से चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी छुछकवास प्रभारी नरेंद्र ने बताया कि राजसिंह निवासी पहाड़ीपुर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजय निवासी बुपनिया व हरविंद्र निवासी अच्छेज जिला झज्जर के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपियों से वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल, चोरी की हुई चांदी का खड़ाव व चांदी का छत्तर व कैमरे का डीवीआर बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


# राजपाल सिंह गुलिया को महाकलमवीर सम्मान



झज्जर। राजपाल सिंह गुलिया को सम्मान प्रदान करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले के साहित्यकार राजपाल सिंह गुलिया को उनके साहित्यिक योगदान के लिए महाकलमवीर सम्मान प्रदान किया गया है। उन्हें यह सम्मान प्रेरणा सामाजिक संस्था कोसली द्वारा गुर्जरवास के न्यू ईरा स्कूल में आयोजित एक समारोह के दौरान संतरा देवी की स्मृति में दिया गया। संस्था के अध्यक्ष सूबेदार मेजर गुरदयाल सिंह, महावीर सिंह निर्दोष, वीर कुमार यादव, तथा डॉक्टर शिवताज सिंह आर्य द्वारा लोक गायक दलबीर फूल, सतबीर सिंह, व साहित्य अनुरागी मुकेश कुमार की मौजूदगी में साहित्यकार राजपाल सिंह गुलिया को पुष्पहार, शॉल, सम्मान-पत्र तथा नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्र के गांव जाहिदपुर निवासी साहित्यकार राजपाल सिंह गुलिया की अब तक पांच पुस्तकें व छब्बीस समवेत संकलन प्रकाशित हो चुके हैं।



## गुजरी महल

हरियाणा में कई प्रसिद्ध ऐतिहासिक जगहें मौजूद हैं। हरियाणा की ऐतिहासिक जगहें सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विश्व भर में फेमस है। हिसार में मौजूद गुजरी महल एक प्राचीन और प्रमुख ऐतिहासिक जगह है। इस महल का निर्माण फिरोजशाह तुगलक ने करवाया था। बता दें कि ताजमहल की तरह ही ये भी प्रेम की निशानी है। दरअसल, फिरोजशाह तुगलक ने अपनी प्रेमिका गुजरी के लिए इस महल का निर्माण करवाया था। इस महल के अंदर दीवान–ए–आम और बरदारी भवन भी प्रसिद्ध हैं।

# अंग्रेजों ने हरियाणा क्षेत्र के सहारे किया था शासन

इतिहास

यशपाल गुलिया

अंग्रेजों ने दिल्ली सिंहासन पर अधिकार जमाने के लिए हरियाणा को सहायक बनाने की रणनीति को कारगर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। हरियाणा के उत्तरी और दक्षिणी के इलाकों को अलग-अलग रियासतें और जागीरें बनाकर दिल्ली के तीन तरफ छावनियां गठित करके अंग्रेजों ने शासन किया। हरियाणा में 'बांटो और राज करो' की नीति के तहत प्रलोभन देकर हरियाणा को सहायक बनाकर अपने शासन को सशक्त बनाया। वहीं भारतीय शासक महाराजा रणजीत के निधन के बाद उन्होंने लाहौर से



अफगानिस्तान तक आक्रमण किये। हरियाणा में आज भी अंग्रेजों की गठित छावनियों और और जागीरों के प्रमाण देखे जा सकते हैं। दिल्ली में अंग्रेजी शासन को सशक्त बनाने के लिए हरियाणा को सहायक बनाने की रणनीति के तहत 1803 में जब अंग्रेज अत्याधिक सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ते हुए दिल्ली तक पहुंचे तो तत्कालीन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करते हुए सितम्बर 1803 में दिल्ली पर धावा बोल दिया। तब दिल्ली में नाममात्र बादशाह शाह आलम न केवल अन्धा था, बल्कि मराठा नेता सिन्धिया के संरक्षण में विराजमान था और मराठों का सेनापति जनरल पैरों (फ्रान्सिसि) अंग्रेजों से मिल चुका था। इसलिए अंग्रेजों ने उपलब्ध मराठा सेना से एक दिन का औपचारिक युद्ध करके दिल्ली सिंहासन पर अधिकार किया था। उसके बाद उन्होंने दिल्ली पर अपने शासन को स्थायित्व कायम रखने के लिए नई सैन्य व्यवस्था स्थापित की।

इसके लिए दिल्ली के तीन तरफ स्थित हरियाणा क्षेत्र में नई छावनियां गठित करनी पड़ी। दरअसल, वर्ष 1803 के आस पास वर्तमान हरियाणा क्षेत्र के उत्तर में जीन्द, कैथल, नारायणगढ़, कुन्जपुरा, अम्बाला, पटियाला, लाडवा, रादौर आदि विभिन्न छोटे-छोटे रजवाड़े बने हुए थे। जबकि हरियाणा के दक्षिण पश्चिम में बल्लभगढ़, फरुखनगर, बहादुरगढ़ एवं साथ लगते राजपुताना राज्य थे। इसलिए वे सभी अपने-अपने सैन्य सामर्थ्य अनुसार इकट्ठे होकर दिल्ली स्थित अंग्रेजों के लिए खतरा उत्पन्न कर सकते थे। ऐसी परिस्थितियों में अंग्रेजों ने 'बांटो व राज करो' की नीति के अतिरिक्त प्रलोभन देकर अपने सहायक बनाने की नई रणनीति निर्धारित की थी। नई छावनी बनाने की नीति के अनुसार अंग्रेजों ने सर्वप्रथम 1805 में करनाल को सैन्य ठिकाना बनाया ताकि इससे उत्तर हरियाणा स्थित छोटे-छोटे शासकों पर तो नियन्त्रण रहेगा ही, बल्कि पंजाब की तरफ आगे बढ़ने में भी करनाल छावनी सहायक सिद्ध होगा। इसी प्रकार दक्षिण हरियाणा व राजपुताना राज्यों पर नियन्त्रण रखने के लिए अंग्रेजों ने 1808 के आसपास भाड़ावास में नई छावनी बना ली। भाड़ावास, रेवाड़ी के पास एक गांव है जहां अंग्रेजों के बारुदखानों आदि के खंडहर आज भी देखे जा सकते हैं। यद्यपि 1819 में उन्होंने भाड़ावास छावनी को गुड़गांव मे शिफ्ट कर लिया था, जिसको हिदायतपुर छावनी का नाम दिया गया था।



भाड़ावास छावनी में मौजूद खंडहर अवस्था में बारुद खाना के अवशेष।

**अंग्रेजों ने वर्तमान हरियाणा का सम्पूर्ण क्षेत्र अपने सहायकों में बांटकर नई नवाबी तथा जागीरें स्थापित कर डाली। 1804 से झज्जर को रियासत बनाकर निजाबत अली खां को प्रथम नवाब बना दिया। ऐसे ही पटौदी को फैज तलब खां, मेवात व लोहारू को अहमद बक्स खां, दुजाना को अब्दुस समद खां को सौंप दिया।**


### हरियाणा में बनाई कई रियासतें

अंग्रेजों ने इन सैन्य तैयारी के साथ-साथ दूसरा महत्त्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम नई रियासतें बनाने का उठाया था। उन्होंने वर्तमान हरियाणा का सम्पूर्ण क्षेत्र अपने सहायकों में बांटकर नई नवाबी तथा नई जागीरें स्थापित कर डाली। जैसे 1804 से झज्जर को रियासत बनाकर निजाबत अली खां को प्रथम नवाब बना दिया। ऐसे ही पटौदी को फैज तलब खां, मेवात व लोहारू को अहमद बक्स खां, दुजाना को अब्दुस समद खां को सौंप दिया और उनके सामने दो शर्त थौंप दी गई। इनमें प्रथम तो बाह्य आक्रमण से ये नवाब अपनी सुरक्षा स्वयं करेंगे तथा दूसरी शर्त आवश्यकता पड़ने पर अंग्रेजों को 200-200 घुड़सवार सैनिक उपलब्ध करवाने होंगे। इस प्रकार अंग्रेजों के दिल्ली पर अधिकार करने व अलग प्रकार की शासन व्यवस्था से हरियाणा में पहले से स्थापित छोटे शासक भयभीत हो गए थे। जैसे फरुखनगर, बल्लभगढ़, जीन्द व अन्य सिख शासकों ने अंग्रेजों के सामने नतमस्तक होकर न केवल उनकी प्रभुसत्ता स्वीकार की, बल्कि महाराजा रणजीत से खतरे को देखते हुए अपनी सुरक्षा की गुहार तक लगा डाली। इस प्रकार अंग्रेजों को दिल्ली में अपना शासन सुदृढ़तापूर्वक कायम करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। मेवात क्षेत्र के उत्पाती व लुटेरों पर नियन्त्रण करने के लिए विलियम फ्रेंजर को एक नया सैन्य दल गठित करने के आदेश दिए गए। फ्रेंजर ने फिरोजपुर झिरका में उसी एक किलानुमा अहाता बनाकर अपना नया घुड़सवार दल बना लिया।

**अंग्रेजों ने 'बांटो व राज करो' और अतिरिक्त प्रलोभन देकर अपने सहायक बनाने की नई रणनीति निर्धारित की थी। नई छावनी बनाने की नीति के अनुसार सर्वप्रथम 1805 में करनाल को सैन्य ठिकाना बनाया ताकि इससे उत्तर हरियाणा स्थित छोटे-छोटे शासकों पर तो नियन्त्रण रहेगा ही, बल्कि पंजाब की तरफ आगे बढ़ने में भी मदद होगी। इसी प्रकार, दक्षिण हरियाणा व राजपुताना राज्यों पर नियन्त्रण रखने के लिए अंग्रेजों ने 1808 के आसपास भाड़ावास में नई छावनी बना ली**

### रियासतें जब्त कर शासक बने अंग्रेज

सविलियम फ्रेजर का 1835 में फिरोजपुर झिरका के नवाब ने कत्ल करवा दिया। तब तक अंग्रेज अत्यन्त शक्तिशाली शासक बन चुके थे। वे अव्यवस्था का आरोप लगाकर रियासतें व जागीरें जब्त करने लग गए थे। अंग्रेजों को तब एकमात्र शक्तिशाली भारतीय शासक महाराजा रणजीत से भय बना रहता था। यद्यपि 1809 से महाराजा के साथ उन्होंने सन्धि कर रखी थी। लेकिन 1839 में महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु हो जाने पर अंग्रेजों ने लाहौर पर आक्रमण करने की तैयारी आरम्भ कर दी। तब सर्वप्रथम उन्होंने करनाल से कैन्ट को अम्बाला में शिफ्ट किया था, जो आज तक विराजमान है। वर्ष 1820 से 1840 तक अंग्रेजों ने वर्तमान हरियाणा क्षेत्र में नए जिले भी गठित कर दिए थे। इससे उनको भूमिकर व लगान प्राप्त करने में सुगमता हो गई थी। इसी प्रकार अंग्रेजों को लाहौर व अफगानिस्तान तक अपना साम्राज्य स्थापित करने में हरियाणा क्षेत्र से उनको अत्यन्त सहायता प्राप्त हुई थी। 1857 का स्वतन्त्रता संग्राम दबाने में भी अंग्रेजों को अम्बाला छावनी सहायक सिद्ध हुई थी। उन्होंने सिरख शासकों की सहायता से अम्बाला में एक बड़ी सेना इकट्ठी करके करनाल व पानीपत के रास्ते दिल्ली की रिज पर पड़ाव लगा लिया था और चार मास तक सेनानियों से युद्ध करके सितम्बर 1857 में दिल्ली पर दोबारा कब्जा कर लिया था।



करनाल कैंट का चर्च टॉवर जोकि 1830 के आसपास अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था।

## काव्य संग्रह 'अस्मिता' के अनुवाद से पवन गहलोत ने बनाई पहचान



आजकल प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद होने लगा है। इसी कड़ी में रोहतक के उभरते लेखक और अनुवादक पवन गहलोत ने हरियाणा साहित्य अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. मुक्ता की पुस्तक 'अस्मिता' का हरियाणवी में अनुवाद करके इस क्षेत्र में अपने शहर का नाम दिल्ली में आयोजित होने वाले विश्व पुस्तक मेले तक पहुंचाया है। इस काव्य संग्रह की अधिकतर कविताएं नारी सशक्तिकरण का संदेश देती हैं। इसकी कुछ कविताओं में पौराणिक संदर्भों का भी जिक्र है जिनकी अनुवाद आमतौर पर जटिल समझा जाता है। दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में यूनिक फील प्रकाशन के प्रधान संपादक प्रशांत श्रीवास्तव के साथ इस काव्य संग्रह और अनुवाद के बारे में चर्चा के दौरान पवन गहलोत ने बताया कि अनुवाद के द्वारा किसी भी साहित्यिक कृति के पाठकों का दायरा बढ़ता है। आने वाले समय में अनुवाद के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। वे कहते हैं कि अनुवादक का कार्य चुनौती भरा होता है लेकिन एक समर्पित अनुवादक सतत परिश्रम और धैर्य का परिचय देते हुए किसी एक भाषा के साहित्य को दूसरी भाषा के पाठकों के लिए सुलभ करवाता हैं।




कविता | कुमार



### मां-बाप का प्यार

माँ-बाप का प्यार सच्चा होवे,
जग में इन जैसा ना कोई होवे।
माँ के आँचल तले सुख ही सुख,
पिता की छाया ज्यों पेड़ की छुक।

माँ के हाथ की रोटी मिठ्ठी,
पिता की मेहनत हर दिन सच्ची।
माँ की गोदी जन्नत लागे,
पिता बिना दिल वीरान भागे।

माँ के आँसू मोती जैसे,
पिता के सपने सोने जैसे।
माँ के आँचल की ठंडक न्यारी,
पिता की सीख बिना जीवन भारी।

माँ हर दुख को खुद सह ले,
पिता छाया बनकर रह ले।
माँ की दुआएं साथ निभावे,
पिता की मेहनत रंग दिखावे।

माँ-बाप रोवें तो दिल दुखे,
बिन इनके जीवन अधूरे लगे।
इनकी सेवा जो भी जन करे,
उसका घर भी स्वर्ग बने।

जो माँ-बाप की कदर न जाने,
वो जीवन भर पछतावे।
इनकी दुआ से ही सुख आए,
हर मुश्किल राह आसान हो जाए।

यो जन्म पहला हो या आखरी,
कुमार ने दुआ बस एक करी,
चाहे भगवन जिंदगी दिए दो पल की,
मात-पिता ने खुशियाँ दिए जीवन भर की।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

दृष्टिकोण

**विज्ञान और आयुर्वेद दोनों में ही धोती पहनने को स्वास्थ्य और शरीर की ऊर्जा संतुलन के लिए माना गया है अत्यंत लाभकारी**

# परंपरा ही नहीं, स्वास्थ्यवर्धक भी है धोती पहनना



परिधान | डॉ. आशा कुमारी

जब मैं 'जेंटलमैन' शब्द कहती हूँ, तो आपके दिमाग में कौन-सी छवि उभरती है? लगभग सभी लोगों के लिए यह एक स्मार्ट, आधुनिक व्यक्ति होगा, जो थ्री-पीस सूट और टाई पहने हुए होगा। यदि हम 'जेंटल' शब्द का अनुवाद देखें, तो इसका अर्थ 'कोमल' होता है। फिर हमने इस शब्द को केवल एक पश्चिमी पोशाक से क्यों जोड़ दिया, जबकी यह वास्तव में एक व्यक्तित्व गुण को दर्शाता है? तकनीकी रूप से, 'जेंटलमैन' शब्द को हर सभ्यता में अलग-अलग परिधानों में प्रस्तुत किया जा सकता है। तो कभी-कभी मैं सोचती हूँ कि बच्चों की किताबों में एक पगड़ी, कुर्ता और धोती पहने व्यक्ति को 'जेंटलमैन' के रूप में क्यों नहीं दर्शाया जाता?

मैं इस लेख के माध्यम से धोती पहनने के वैज्ञानिक लाभों पर प्रकाश डालना चाहती हूं। हालांकि भारत के कुछ हिस्सों में इसे आज भी रोजमर्रा की ज़िंदगी में पहना जाता है, लेकिन हरियाणा में यह सिर्फ़ पुरानी पीढ़ी की एक बीती कहानी बनकर रह गई है। गाने और फ़िल्में भी इस परंपरा को दोबारा जीवंत नहीं कर पा रहे हैं। भारत में धोती सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक रूप से संतुलित पोशाक भी है, जो शरीर को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करती है। यह हजारों वर्षों से भारतीय पुरुषों द्वारा पहनी जाती रही है, चाहे वह संत-महात्मा हों, विद्वान हों या फिर किसान।

विज्ञान और आयुर्वेद दोनों ही धोती पहनने को स्वास्थ्य और शरीर की ऊर्जा संतुलन के लिए लाभकारी मानते हैं। आधुनिक पैंट या जींस टाइट फिटिंग के कारण शरीर के निचले हिस्से में रक्त संचार को बाधित कर सकती हैं। लेकिन धोती ढीली होती है और शरीर को पूरा आराम देती है, जिससे रक्त का प्रवाह सुचारू रूप से चलता रहता है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो लंबे समय तक बैठकर काम करते हैं या ज्यादा चलने-फिरने वाले कार्यों में लगे होते हैं। धोती प्राकृतिक रूप से शरीर को ठंडा रखती है। भारत जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले देश में यह शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो पुरुषों के लिए अधिक टाइट कपड़े पहनना उनके प्रजनन स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। टाइट पैंट या अंडरगारमेंट्स अंडकोष के तापमान को बढ़ा सकते हैं, जिससे शुक्राणु उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। धोती पहनने से यह समस्या नहीं होती, क्योंकि यह शरीर के निचले हिस्से को खुला और हवादार बनाए रखती है, जिससे प्रजनन स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है। यह पसीने को जल्दी सोख लेती है और त्वचा संक्रमण से बचाव करती है। धोती पहनने से रैशेज और फंगल इंफेक्शन जैसी समस्याएं भी कम होती हैं। एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, जिसमें 2,000 ब्रिटिश पुरुषों को शामिल किया गया, टाइट फिटिंग जींस पहनने से मूत्र संक्रमण (यूटीआई), वैरिकोसील, अंडकोष के मुड़ने, मूत्राशय की कमजोरी और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। 2013 की एक समीक्षा के अनुसार, टाइट कपड़े पहनने से मेराल्जिया पैरास्टेटिका नामक रीढ़ की हड्डी की एक नस दबने की समस्या हो सकती है। यह स्थिति जांघ के किनारे सुन्नपन, झनझनाहट और दर्द का कारण बन सकती है। भारत जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले देश में सूती वस्त्र सबसे अधिक आरामदायक और त्वचा के लिए अनुकूल माने जाते हैं। सूती कपड़ा नरम और हल्का होता है, जो त्वचा के लिए आरामदायक रहता है। यह किसी भी प्रकार की जलन, खुजली या एलर्जी नहीं पैदा करता, इसलिए संवेदनशील त्वचा वाले लोगों के लिए सबसे अच्छा विकल्प है। सूती कपड़ा गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। यह हवा को पास होने देता है, जिससे त्वचा को ताजगी महसूस होती है और पसीना जल्दी सूख जाता है।कृत्रिम कपड़ों की तुलना में सूती कपड़ा बैक्टीरिया और फंगल संक्रमण से बचाव करता है। यह हानिकारक केमिकल्स से मुक्त होता है, जिससे त्वचा की सुरक्षा बनी रहती है। सूती कपड़ा प्राकृतिक रूप से उपलब्ध होता है और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाता। यह बायोडिग्रेडेबल होता है और प्लास्टिक या सिंथेटिक कपड़ों की तरह प्रदूषण नहीं फैलाता।



आजकल फैशन और कम लागत के कारण सिंथेटिक (कृत्रिम) कपड़े और रासायनिक रंगों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, ये कपड़े और रंग हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। सिंथेटिक कपड़े मुख्य रूप से नायलॉन, पॉलिएस्टर, रेयान और ऐक्रेलिक जैसे कृत्रिम रसायनों से बनाए जाते हैं, जो त्वचा और शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इसके अलावा, कपड़ों में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक रंग (डाई) भी कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं जैसे एलर्जी और खुजली, एक्जिमा और संपर्क डर्मेटाइटिस, फंगल संक्रमण, अस्थमा, हार्मोन असंतुलन और कैंसर आदि। धोती शरीर को मुक्त रखती है और नसों तथा मांसपेशियों को प्राकृतिक रूप से आराम देती है।

धोती के कुछ और फायदे भी हैं, जैसे इसे सीलने की कोई ज़रूरत नहीं होती क्योंकि आप इसे खुद लपेटते हैं। यह पूरी तरह से व्यक्तिगत (सुपरपर्सनलाइज़्ड) होती है। भरपेट भोजन के बाद कमर कसने की चिंता करने की भी ज़रूरत नहीं पड़ती। आज के दौर में लोग धोती को पुरानी सोच से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसके वैज्ञानिक लाभों को समझने के बाद इसे फिर से अपनाने की जरूरत है। आधुनिकता की दौड़ में हमें अपनी पुरानी परंपराओं को पूरी तरह से छोड़ना नहीं चाहिए, बल्कि उनके वैज्ञानिक पहलुओं को समझकर उन्हें फिर से अपनाने का प्रयास करना चाहिए। धोती पहनना सिर्फ एक सांस्कृतिक परंपरा नहीं, बल्कि विज्ञान-सम्मत, स्वास्थ्यवर्धक और सुविधाजनक विकल्प भी है।

# सिनेमा को दर्शकों और सरकार का चाहिए सहयोग : संगीता

कलाकार | डॉ. तबस्सुम जहां

हरियाणवी सिनेमा में संगीता देवी किसी परिचय की मोहताज नहीं है। अपनी ग़ज़ब की अदाकारी से हरियाणवी सिनेमा में छा जाने वाली यह अभिनेत्री अब तक की 54 फिल्मों और वेबसीरीज़ के साथ-साथ 7 बॉलीवुड और एक पंजाबी फिल्म कर चुकी हैं। बॉलीवुड फिल्म 'हरियाणा' और पंजाबी फिल्म कुड़ी हरियाणे वाली, स्टेज ऐप पर 'चंद्रो का चूल्हा' में उनके 3 एपीसोड हैं। संगीता देवी ने हरियाणवी परिधान में स्टेज ऐप पर हरियाणवी संस्कृति और पहनावा दोनों को प्रमोट किया है। इनकी आने वाली फिल्मों में अग्निवीर जैसे कई नाम हैं। इन सबसे अलग उनकी पेंटिंग की दुनिया है। क्राफ्ट और पर्यावरण के लिए समर्पित इन्होंने 3000 से ज्यादा पेड़ लगाए हैं। इसके अलावा कला जीवन समिति के तहत आर्ट वर्कशॉप, गरीब बच्चों की पढ़ाई में हर संभव सहायता करना, हरियाणवी खानपान और पहनावे को बढ़ावा देना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।



संगीता देवी का जन्म हरियाणा के भिवानी जिले के गांव बामला में हुआ। इनके पिता गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में अध्यापक थे। दादी का हरियाणवी क्राफ्ट बहुत अच्छा था। उनके प्रभाव से ही संगीता ने भजन, कीर्तन, शादी-ब्याह के गीत, जकड़ी, त्यौहार के गीत सब उनके साथ रहकर सीखे। 10वीं के बाद शादी हो गई और पढ़ाई पर भी रोक लग गई थी। शादी के बाद उनके जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आए। आर्थिक विसंगति से जूझते हुए शादी के बाद नेशनल ओपन से 12वीं पास की। आदर्श महिला महाविद्यालय से बीए-बीएड की। इन्होंने एंडी हरियाणा टीवी चैनल से जुड़कर अनेक गीत करने के अवसर मिले। वह धीरे-धीरे फिल्म लाइन से भी जुड़ गई। इनकी अभिनय की शुरुआत डायरेक्टर संदीप बसवाना की बॉलीवुड फिल्म 'हरियाणा' से हुई। हरियाणवी सिनेमा में आए उतार-चढ़ाव के संबंध में पूछने पर संगीता देवी का मानना है कि हरियाणा में फिल्म 'चंद्रावल' की धूम आज भी है। उसके बाद दर्जनों फिल्में आई। इनमें कुछ उम्दा भी रहीं लेकिन कोई भी फिल्म जनता का ध्यान नहीं खींच पाई। एक लंबे अर्से के बाद हरियाणवी संस्कृति एक बार फिर से जी उठी, जब यशपाल शर्मा ने ऐतिहासिक फिल्म 'दादा लखमी' बनाई। स्टेज एप पर अपने काम करने के अनुभव के बारे में संगीता देवी बताती हैं कि उन्होंने स्टेज ऐप के साथ काफी प्रोजेक्ट किए हैं जैसे चंद्रो का चूल्हा, ओपरी पराई, जिद, गौरव की स्वीटी, रंडुआ रामफल आदि। वे बताती हैं कि स्टेज एप के साथ काम करने का उनका बहुत अच्छा अनुभव रहा है। सरकार फिल्म बनाने के लिए जो पॉलिसी लेकर आई है उसके संदर्भ में संगीता का मानना है कि इसका लाभ अभी तक किसी को नहीं मिला है। जब मिलना शुरू होगा तो लोग और अच्छा काम कर पाएंगे। प्रोड्यूसर भी पैसा लगाने से घबराएंगे नहीं। इसके ज़रिए हरियाणवी फिल्मों का एक सुखद भविष्य देखा जा सकता है। उन्हें यक़ीन है कि यदि सरकार सहायता करती है तो जरूर बदलाव ज़रूर आएंगे। आने वाले समय में संगीता देवी हरियाणवी सिनेमा को एक बदलाव के रूप में देख रही है। उनका मानना है कि अब लोग जागरूक हो रहे हैं बिना किसी चमक धमक के रियल काम हो रहा है। संस्कृति के साथ संस्कारों की बात हो रही है। आने वाला समय वह काफ़ी अच्छा देख पा रही हैं। हरियाणवी में फिल्में तो बन रही हैं लेकिन थियेटर में लोगों के न आने के क्या कारण हैं, इस पर संगीता देवी ने बताया कि इसे जनता में जागरूकता की कमी कहें या लोगों का सुविधा भोगी, कुछ भी कहना मुश्किल है। आजकल इतने ओटीटी प्लेटफार्म मिल गए हैं उनसे घर बैठे फोन में ही सब कुछ दिख रहा है। लोगों को घरों से बाहर निकालने के लिए अच्छे कॉन्सेप्ट चाहिए। अच्छे प्रचार की भी आवश्यकता है। अच्छी फिल्मों के साथ-साथ अच्छा प्रचार भी चाहिए।





### थियेटर के प्रति दर्शकों का रुझान कम

अभिनेत्री संगीता देवी का मानना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म आने से थियेटर के प्रति दर्शकों का रुझान कम हो रहा है। जब बहुत सारे ओटीटी प्लेटफार्म होते हैं तो लोग फिर सुविधाएं देखने लगते हैं। ओटीटी प्लेटफार्म पर फिल्म हो या वेबसीरीज़, घर बैठे देखने को मिल जाती हैं। दर्शकों का रुझान कुछ समय के लिए कम हो सकता है पर ख़त्म जैसी कोई बात नहीं है। आज भी लोग काफी संख्या में फिल्में सिनेमा घर में देखते हैं। लोगों के स्पोर्ट और सरकार की सहायता से कुछ और अच्छे प्रयास करने जरूरी हैं जिनसे लोग घरों से निकलने को मजबूर हों।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में महिला के गले से सोने की चेन तोड़ी

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी रेलवे स्टेशन से सतनाली जा रही ट्रेन में युवक महिला के गले से सोने की चेन तोड़कर फरार हो गया। जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिले के गांव कुंडल निवासी राजेश कुमार ने जीआरपी को दी शिकायत में बताया कि 1 फरवरी को सुबह करीब 8:30 बजे वह अपनी मां विजय देवी को रेवाड़ी रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सतनाली जाने के लिए बैठाकर गया था। जब टेन महेन्द्रगढ रेलवे स्टेशन पहुंची तो भीड़ ज्यादा होने के कारण बदमाश महिला के गले से सोने की चेन तोड़कर फरार हो गया। जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सैनिक एक्सप्रेस से महिला का आभूषण व नकदी का पर्स चोरी

**रेवाड़ी।** सैनिक एक्सप्रेस ट्रेन में महिला का पर्स चोरी हो गया। पर्स में सोने के आभूषण, नकदी व मोबाइल था। आनंद नगर सीकर राजस्थान निवासी रेणु अग्रवाल ने जीआरपी को दी शिकायत में बताया कि वह 13 जनवरी को सीकर से सैनिक एक्सप्रेस ट्रेन में अपने पति के अजय अग्रवाल के सफर कर रही थी तथा ट्रेन में सो रही थी। ट्रेन के रेवाड़ी स्टेशन पर पहुंचने पर जब उसने अपना सामान संभाला तो लेडिज पर्स गायब था। पर्स में करबी 6 तोला सोने के आभूषण, 90 हजार रुपये, मोबाइल फोन व घर की चाबियां थी। जीआरपी ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

### गाड़ी से इलेक्ट्रानिक का सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा के सेक्टर-1 स्थित ट्रांसपोर्ट ऑफिस के बाहर खड़ी गाड़ी का लॉक तोड़कर चोर लाखों का समान चोरी कर ले गए। विपुल गार्डन धारूहेड़ा निवासी मृत्युन्जय कुमार ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गाड़ी पर अवधेश कुमार निवासी कासगंज रोड असेपुर मिठेची एटा यूपी ड्राईवर लगा हुआ है। 6 फरवरी को ड्राईवर गाड़ी में फरुखनगर से भोपाल का वी गार्ड कंपनी का इलेक्ट्रानिक का सामान लोड करके चला था तथा रात करीब 11:30 बजे उसके सेक्टर-1 धारूहेड़ा थाने के पीछे स्थित ऑफिस के सामने गाड़ी को खड़ी करके ऑफिस में सो गया। अगले दिन उसने सुबह उठकर देखा तो गाड़ी का ताला टूटा हुआ था तथा गाड़ी के अंदर से सामान गायब था। उसके बाद उसने ट्रांसपोर्टर को सूचना दी। चोर गाड़ी के अंदर से 128446 रुपये के करीब कीमत का इलेक्ट्रानिक का सामन चोरी कर ले गए।

### झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाला युवक लापता

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा में पार्क के पास स्थित झुग्गी-झोपड़ी से 24 वर्षीय युवक लापता हो गया। धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में सपना ने बताया कि वे धारूहेड़ा पार्क के पास झुगी-झोपड़ी में रहते है। 6 फरवरी को उसका लड़का शेखर घर से काम के लिए निकला था, अभी वापस नहीं आया है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बच्चा घायल

**कसोला।** गांव संगवाड़ी में एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे साइकिल पर सवार बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव सगवाड़ी निवासी संदीप ने कसोला थाना पुलिस को बताया कि 6 फरवरी को वह गांव के सरपंच रामसिंह के मकान के पास था तभी उसका बेटा वीर साइकिल से दुकान जा रहा था। उसी समय गांव के संजू ने तेज रफ्तार बाइक से उसके बेटे की साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसे काफी गंभीर चोटें आई। वह तुरंत अपने बेटे को ईलाज के अस्पताल ले गया।

### प्लाट के बाहर खड़ी बाइक चुरा ले गए चोर

**कसोला।** कसोला थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-9 में प्लाट के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। थानागाजी जिला अलवर राजस्थान निवासी मदनलाल शर्मा ने कसोला थाना पुलिस को बताया कि 8 फरवरी शाम करीब 4:15 बजे उसने अपनी मोटरसाइकिल प्लाट नंबर-109 सेक्टर-9 के बाहर खड़ी की थी तथा वह अपने जान पहचान के व्यक्ति से मिलने के चला था।

---

टॉस्क या इन्वेस्टमेंट के नाम पर साइबर ठग कर रहे फ्रॉड

# पार्ट टाइम जॉब में पैसे कमाने के नाम पर दिए जा रहे ऑफर से रहें सतर्कः डा. मयंक

■ फ्रॉड होने पर साइबर क्राइम थाने व नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने टॉस्क या इंवेस्टमेंट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी को लेकर नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। एसपी ने कहा कि साइबर अपराधी सबसे पहले वाट्सअप पर विदेशी या स्वदेशी नंबरों से मैसेज करते है, जोकि पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर होता है। उसमे कुछ बड़े-बड़े यू-ट्यूब चैनल दिए जाते है, जिन्हे सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीन शाट भेजना होता है, जिसके बदले में ठग एक सब्सक्राइब करने का 50 रुपये देते हैं। शुरूआत में लगभग 3 सब्सक्राइब का टॉस्क दिया जाता है और जब टॉस्क पूरा करके व्हाट्सएप पर स्क्रीनशॉट भेज देते हैं तो ठग पेमेंट लेने की बोलकर एक टेलीग्राम आईडी देते है और बोलते हैं कि इस आईडी पर मैसेज करो, जैसे ही आप टेलीग्राम पर मैसेज करते है तो वो आपकी बैंक डिटेल मांगते हैं। उसके बाद आपके खाते में 150 रुपये आ जाते है।

उसके बाद ठग टेलीग्राम पर एक ग्रुप का लिंक भेजते हैं कि आप इस ग्रुप में एड हो जाओ हम आपको इस ग्रुप में हर आधे घंटे में इसी प्रकार का लिंक देंगे। उसे सब्सक्राइब करके स्क्रीनशॉट वापस उसी ग्रुप में भेजना है। उसके बाद आपके कुछ पैसे प्राप्त होते है। फिर आपके पास उसी ग्रुप के एडमिन द्वारा मैसेज आता है कि यदि आप अपने पैसों को और भी ज्यादा बढ़ाना चाहते है तो आप और पैसा इन्वेस्ट करें व इस ग्रुप में कुछ लोग फर्जी मैसेज भी करते हैं कि मैंने इसके माध्यम से बहुत सारे पैसे कमा लिए हैं, जिससे व्यक्ति को लालच आ जाता है और आप जाल में फंसकर इसमें और पैसे इन्वेस्ट करने शुरू कर देते हैं। उसके बाद जैसे जैसे आप पैसे डालते जाते हैं तो आपको वो एक फर्जी वेबसाइट पर ले जाते है, जहां आपको आपके पैसे एक वर्चुअल खाते में दिखाई तो देते है पर आप जब उन्हे निकालने की कोशिश करते हैं तो आपको बोला जाता है कि दूसरे राउंड मे पैसे लगाने के बाद ही अपने पहले वाले पैसे निकाल सकते हैं, दूसरे के बाद तीसरा और तीसरे के बाद चौथा राउंड। इस तरह आपके पैसे फंस जाते हैं व आप टास्क फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं।

### साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बनेः एसपी



एसपी डा. मयंक गुप्ता ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूक अभियान चलाए जा रहे हैं। इसलिए आमजन साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बने और अपने साथियों को साइबर ठगी का शिकार होने से बचाएं। उन्होंने कहा कि कही भी इन्वेस्टमेंट करते समय पहले उसका अच्छी तरह से अध्ययन कर लें और ऐसे ही किसी सोशल मीडिया पर प्राप्त लालची ऑफर में आकर अपना पैसा नहीं गवाएं अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### टास्क फ्रॉड से बचाव के तरीके

यदि किसी विदेशी या भारतीय मोबाइल नंबर से कोई पार्ट टाइम जॉब के लिए कोई मैसेज आता है तो आपको अच्छी तरह जांच पड़ताल करनी चाहिए। यदि आपको थोड़ा भी शक हो तो उसे आपको अनदेखा कर डिलीट कर देना चाहिए। पार्ट टाइम जॉब ऑफर में ज्यादा मुनाफे के चक्कर में न फंसे और इस प्रकार के मैसेज को अनदेखा करें। किसी भी प्रकार की जॉब के लिए आपको पैसे देने की आवश्यकता नहीं होती है, अत कोई भी भुगतान न करें। यदि आपके पास पार्ट टाइम जॉब का ऑफर आता है तो व्हाट्सअप या टेलीग्राम की बजाय मिलकर आमने सामने ही बात करें। यदि आपको पार्ट टाइम जॉब के लिए मैसेज आता है तो आप जॉब देने वाली कंपनी के ऑफिस का पता लेकर उसे वेरीफाई करे। पार्ट टाइम जॉब ऑफर देने वाली कम्पनी से अपॉइंटमेंट लेटर देने के लिए बात करें। पार्ट टाइम जॉब ऑफर में जिस नंबर से आपके पास व्हाट्सअप मैसेज आता है उस नम्बर पर जब आप कॉल करेंगे तो कभी भी आपका कॉल रिसीव नहीं किया जाता है, उसे साधारण कॉल करके सुनिश्चित करें। टास्क-इन्वेस्टमेंट फ्रॉड में आपके बैंक खाते में हर बार अलग अलग बैंक खातों से पैसे आते है, जबकि वास्तविक कंपनियों से आपके बैंक खाते मे एक ही खाते से पैसे आते हैं। वास्तविक कम्पनी आपको पैसे डालने के लिए कभी भी अलग अलग बैंक खाते या अलग अलग यूपीआई आईडी नहीं देती। यदि अलग अलग बैंक खाते दिए जाते हैं तो आप सावधान हो जाएं। अगर आपके साथ इस प्रकार का फ्रॉड हो जाता है तो बेझिझक साइबर क्राइम थाना या नजदीकी पुलिस थाना में जाकर थाना में स्थापित साइबर डेस्क व नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते है।

---



झज्जर। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पहले नगर परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु।

# श्रीमन नारायण नारायण हरि हरि तेरी लीला सबसे न्यारी न्यारी..

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

श्री दुर्गा भवन मंदिर में सोमवार को श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्ति स्थापना की जाएगी। रविवार को भगवान लक्ष्मी नारायण की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम के उपलक्ष्य में नगर परिक्रमा का आयोजन किया गया। प्राण-प्रतिष्ठा से पहले शहर के मुख्य मार्गो से बैंड बाजे के साथ भगवान लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा की परिक्रमा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा श्री दुर्गा मंदिर से आरंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए दुर्गा मंदिर परिसर में पहुंची। नगर परिक्रमा में भगवान के जयकारों चल रहे भजनों से शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान काली कमली वाला मेरा यार है..श्री मन नारायण नारायण हरि हरि तेरी लीला सबसे न्यारी न्यारी..तेरी महिमा प्रभु हे प्यारी प्यारी..श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया।

### लक्ष्मी नारायण व्रत करने से होती है सौभाग्य में वृद्धि

पंडित मीनू शर्मा ने कहा कि लक्ष्मी नारायण व्रत एवं पूजन करने से घर में हर प्रकार की समृद्धि बढ़ती है। लक्ष्मी नारायण व्रत को करने से व्यापार में लाभ मिलता है। व्यापारियों के लिए इस व्रत को करने से उन्हें देवी लक्ष्मी के आशीर्वाद की प्राप्ति होती है और उनके व्यवसाय में वृद्धि भी होती है। लक्ष्मी नारायण व्रत करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। स्त्रियों के मांगल्य सुख में वृद्धि होती है। इस मौके पर उमेश नंदवानी, रवि शर्मा, प्रवीण जुनेजा, सुरेंद्र कत्याल, गुलशन सतीजा, हरीश कत्याल, अजय विज, दीपक कत्याल, राजू जुनेजा, अरुण कत्याल, मन्नू शर्मा, राजकुमार तनेजा, रोहित बत्रा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

---

# अपने आसपास स्वच्छता रखना हम सबका दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व सीजेएम अमित वर्मा के मार्गदर्शन व ब्रांड एम्बेसडर प्रियंका यादव के नेतृत्व में रविवार को हुडा ग्राउंड एडीआर सेंटर के सामने नगर परिषद के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सीजेएम अमित वर्मा ने कहा स्वच्छता हमारे व्यवहार में होनी चाहिए। अपने आसपास स्वच्छता रखना हम सबका दायित्व है। हम सभी को इसमें अपना योगदान देना चाहिए। वर्तमान में बढ़ रहे पॉलीथिन व प्रदूषण के दुष्प्रभाव हमारे सामने है। अगर समय रहते हम जागरूक नहीं हुए तो परिणाम बेहद खतरनाक हो सकते है। ब्रांड एम्बेसडर प्रियंका यादव ने कहा कि स्वच्छता अभियान किसी विशेष विभाग का नहीं, बल्कि हम सबका जन आंदोलन है, जिसमें हम सभी को सहभागी होना चाहिए। सड़कों पर कचरा न फैलाएं। गाड़ियों में ही कचरा डाले। पॉलीथिन का प्रयोग न करे। घर से कपड़े के थैले लेकर बजार जाए। एक कदम मानवता की ओर संस्था के प्रधान राकेश भार्गव ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने आसपास सफाई रखे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे।



रेवाड़ी। हुडा मैदान के पास सफाई करते हुए कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

---

# 'हम फरियादी वो दरबार लगाने वाला है, पगड़ी बांध रहा है बाबा नीले चढ़ने वाला है'....





रेवाड़ी। जागरण में सजी श्रीश्याम बाबा की प्रतिमा, श्याम संकीर्तन में भजन सुनाते हुए गायिका इति वर्मा। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में एकादशी पर हुआ 113वें श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन

नई अनाजमंडी स्थित श्री श्याम बाबा के मंदिर में गत रात्रि एकादशी के अवसर पर श्री श्याम प्रभु के 113वें भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। एकादशी पर्व पर अनाजमंडी निवासी पारस गेरा ने अपने पुत्र मनन के जन्मदिन पर श्री श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार कराया। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में भटिंडा से गासिका इति वर्मा व गोकलगढ़ रेवाड़ी से गायक संजय शर्मा ने अनेक मनमोहक भजनों से श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने श्याम बाबा की ज्योत प्रज्जवलित करके संकीर्तन का शुभारंभ किया। रविवार को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### मनमोहक भजनों से हुआ बाबा का गुणगान

एकादशी पर गोकलगढ़ से भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश जी व हनुमान जी की वंदना से जागरण का शुभारंभ किया। उसके बाद ' बैठे-बैठे जीने का सहारा हो गया, जब से श्याम सांवरा हमारा हो गया' सहित अनेक भजन सुनाएं। भटिंडा से गायिका इति वर्मा ने 'सावरियां ही सच्चा साथी मालिक ये हमारा है, हर मुश्किल में थामें न छोड़े हाथ हमारा है, ओ खाटूवाले तू मेरा, ये दिल भी है बस तेरा, तेरे बिना न गुजारा है, मुझे बस तेरा ही सहारा है' व 'लब पे तेरा नाम हो, जय-जय श्री श्याम हो' व 'हम फरियादी वो दरबार लगाने वाला है, पगड़ी बांध रहा है बाबा नीले चढ़ने वाला है' तथा 'देता हरदम सावरे तू हारे का साथ, मै भी जग से हार के आया थाम ले मेरा हाथ' सहित अनेक भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्याम बाबा के संकीर्तन में चरत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रवि भट्ठेवाले, रितेश, विकास बंसल, राजुल, मनीष सचदेवा, सुभाष शर्मा, दीपेश, पुरुषोत्तम, कुशल, मयूर, अनिल नवीन शर्मा, राहुल, दीपेश, मीनाक्षी, शीतल, वंदना, नंदिनी, शालू, सपना, सोनू, आरती व कविता सहित काफी श्रद्धालु मौजूद थे।

---

### वार्ड 16 में गली-नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने वार्ड 16 के जटवाड़ा मोहल्ला में गली व नाली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। चेयरपर्सन ने वार्ड वासियों के साथ नारियल फोड़कर विधिवत निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। निर्माण में लेवल के साथ-साथ गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व कोताही सहन नहीं की जाएगी। स्थानीय निवासी भी निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर अपनी नजर रखें। अधिकारी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ टेंडर के तय मानकों के अनुसार पूरा करवाएं। इस अवसर पर पालेराम शर्मा, रमेश राठी, पार्षद राजेश तंवर, सविता सैनी, नप सचिव प्रवीण छिकारा, जेई आशीष, सीमा राठी, संतोष राठी, सुनीता राठी, मनमोहित गुप्ता, संदीप, सुमित बराही, संदीप सैनी, धर्मपाल यादव, रविंद्र राठी, सुभाष शर्मा, विक्की शर्मा, जगदीश, मोनू, साहिल, सुशीला, फूलवती, सुनीता व पूनम आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। जटवाड़ा में निर्माण कार्य का शुभारंभ करती चेयरपर्सन सरोज राठी।

### विद्यार्थियों को करवाया योगाभ्यास

**झज्जर।** हिमालय हाई स्कूल में आयुष विभाग द्वारा लगाए गए योग सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान योग शिक्षिका उर्मिला देवी ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, आसनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें नियमित योगाभ्यास करने से होने वाले फायदों की जानकारी भी दी। विद्यालय की निदेशिका ललिता देवी ने विद्यार्थियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार के दौरान योग शिक्षिका उर्मिला देवी को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




---

समारोह — शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट आकाश यादव राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पूर्व छात्र मिलन समारोह का

# एलुमनी मीट में सात सौ से अधिक पूर्व छात्रों ने लिया भाग

■ कार्यक्रम में मार्च 2000 वर्ष तक के 700 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर अपने अनुभव साझा किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट आकाश यादव राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन स्कूल परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मार्च 2000 वर्ष तक के 700 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। विद्यालय के प्राचार्य दयानंद भारद्वाज ने सभी पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पुराने विद्यार्थी विद्यालय की धरोहर हैं तथा उनकी उपलब्धियां ही क्षेत्र की उत्पादकता हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा में अग्रणी होने के साथ-साथ नैतिक शिक्षा व स्वावलंबन क्षेत्र में उद्यमी बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस अवसर पर मार्च 2000 तक के बैच के पास आउट भारतीय सेना में कर्नल सुधीर यादव, कर्नल सोहन लाल, कर्नल घीसा राम, कर्नल जोगिंदर लांबा, कर्नल दयाराम यादव, मेजर टीसी राव, डीआईजी कंवर सिंह, प्रो. रणबीर सिंह, उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश गोयल, वाइस चांसलर प्रो. राजबीर सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव, अजीत सिंह यादव, ओमप्रकाश डाबला, सरोज यादव, संजय यादव, पंडित गुरूदत, प्रो. सुनील यादव, पूर्व हेडमास्टर सज्जन सिंह यादव, शीला यादव,डा. ईश्वर सिंह, दुलीचंद यादव, डीईओ जसवंत यादव, कैप्टन सुभाष यादव, कैप्टन सहीराम यादव, कैप्टन रामफल, डा. लाज कौशल, डा. सतबीर सिंह, डा. महाबीर सिंह निर्दोष, डा. इंदरजीत सिंह, कैप्टन सुचेत यादव, होशियार सिंह नंबरदार, शहीद पायलट आकाश यादव के पिता सतबीर सिंह, कप्तान चांद सिंह, सूबेदार राजसिंह आर्य, दयानंद आर्य, अर्जुन देव जेई, धरमु जेई, सुकर्मपाल,नरेंद्र बाबू, देवेंद्र पंच, कृष्ण पंच व सरपंच रामकिशन जांगड़ा ने किस्से सुनाते हुए पुराने सहपाठियों और शिक्षकों के साथ अपनी यादें ताजा की। प्राचार्य भारद्वाज ने आयोजन समिति का आभार जताया।



रेवाड़ी। राजकीय विद्यालय में आयोजित पूर्व छात्र मिलन समारोह में मौजूद पूर्व सहपाठी। फोटो :हरिभूमि

---

### सूचना

मैं, सुरेंद्र (Surender) पुत्र श्री राममेहर (Rammehar) निवासी मकान नंबर-77, भौंरथा पाना, गांव सांखोल, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा घोषणा करता हूं कि मेरा आधार कार्ड नंबर 217589083226 और जन्मतिथि 01/01/1973 है। मेरा नाम सुरेंद्र राठी (Surender Rathee) था। मैंने अपना नाम बदलकर सुरेंद्र (Surender) कर लिया है। सुरेंद्र (Surender) और सुरेंद्र राठी (Surender Rathee) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही दो नाम हैं। मुझे भविष्य में सुरेंद्र (Surender) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

### सूचना

हम, नीतू देवी पत्नी बिरेंद्र व बिरेंद्र पुत्र श्री सुरेश साहू निवासी गांव साहू मठिया, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश व हाल निवासी वार्ड नंबर-9, माया विहार कॉलोनी, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र शशांक व पुत्रवधु रीति हमारे कहने सुनने से बाहर हैं और हम उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। वे अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देती एक बच्ची। फोटो: हरिभूमि

### ब्रह्माकुमारियों ने सेक्टर-13 में मनाई शिवरात्रि

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर-13 सेवा केंद्र पर शिवरात्रि का त्यौहार धूमधाम से मनाया। इस दौरान 200 ब्रह्माकुमारियों का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच राजेश यादव व पार्षद सरिता सैनी के अलावा नया गांव, नूना माजरा, डाबोदा, बालौर और देशलपुर के ग्रामीण शामिल हुए। ब्रह्माकुमारी संस्था की मुख्य संचालिका अंजलि दीदी ने सभी को शिवरात्रि और जन्मदिन की बधाई दी। केंद्र संचालिका बीके रेणु दीदी ने कहा कि शिव पिता परमात्मा रात्रि के समय अवतरित होकर इस संसार से पांच विकारों रूपी भूतों को भगाने के लिए नारी शक्ति को तैयार करते हैं। हम सब मिलकर विशेष माताओं का जन्मदिन मना रहे हैं। हमें अपने घर को मंदिर बनाकर अपने जीवन को श्रेष्ठता की तरफ लेकर जाना होगा। अपने परिवार को भी परमात्मा के ज्ञान से श्रेष्ठ बनाना होगा। कार्यक्रम में बीके विनोद, बबली, जयभगवान, देवेंद्र, प्रवीण, अर्जुन सोलधा, बीके ममता दीदी, प्रीति दीदी व निधि दीदी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। देव नगर में नारियल फोड़कर निर्माण का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

### विधायक ने 4 गलियों के निर्माण के नारियल फोड़े

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून ने रविवार को वार्ड 26 में 4 गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। स्थानीय निवासियों ने देवनगर की चार गलियां बनवाने का कार्य शुरू करने पर विधायक राजेश जून का आभार जताया। विधायक राजेश जून ने देव नगर में कॉलोनी वासियों के साथ नारियल फोड़कर 4 गलियों के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। जून ने अधिकारियों से कहा कि गलियों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता व टेंडर के तय मानकों का पूरी तरह से पालन किया जाए। उनके अनुसार पिछले कई वर्षों से बहादुरगढ़ विकास का इंतजार कर रहा था। उनके विधायक बनने के बाद अब प्रतिदिन सड़क या गली के निर्माण कार्य शुरू करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर युवराज छिल्लर, ढीलू माजरा, राकेश नया गांव, राकेश छिल्लर, अशोक यादव, दलबीर दलाल, महावीर दलाल, सतबीर कादयान, मनीष सांगवान, दिलबाग, करण सिंह, कप्तान ठेकदार व रविंद्र मौजूद रहे।

पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा ने कसार में कबड्डी प्रतियोगिता में शिरकत की, बोले

# नशे से दूर रहें युवा, खेलों को अपनाएं

- नेशनल कबड्डी प्लेयर परीक्षित की स्मृति में हुआ आयोजन
- कबड्डी में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नेशनल कबड्डी प्लेयर परीक्षित की स्मृति में गांव कसार में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के दौरान एक से बढ़कर एक मुकाबले हुए। लोगों ने कबड्डी मुकाबलों का लुत्फ उठाया। पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा ने भी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों में भाग लेने को प्रेरित किया। प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा आईपीएस मयंक मिश्रा का जोरदार स्वागत किया गया। उपायुक्त मयंक मिश्रा और एसीपी प्रदीप कुमार को पगड़ी पहनाई। पुलिस उपायुक्त मिश्रा ने कहा कि बहुत से युवा जीवन में सही मार्ग नहीं चुन पाते और गलत रास्ते पर चल पड़ते हैं। नशे और अपराध के चलते उन युवाओं का पूरा परिवार बिखर जाता है। इस दिशा में जागरूक होने की जरूरत है। लोग इस बात पर ध्यान दें कि यदि हमारे आसपास कोई युवक, व्यक्ति नशे तथा अपराध में संलिप्त है तो उसे समझाएं। उन्हें भटके हुए रास्ते से वापस सही दिशा में लेकर आएं। सभी के सहयोग से ही हम एक नशा और अपराध मुक्त समाज की कल्पना कर सकते हैं। अगर आपके आसपास कोई भी नशीला पदार्थ खरीदता या बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। युवाओं से अपील है कि वे मन लगाकर पढ़ें और खेलों में भाग लें। अभिषेक, ध्रुव, प्रधान टोनी, कर्मवीर, अमित आदि इस अवसर पर मौजूद थे।



बहादुरगढ़। खिलाड़ियों, ग्रामीणों के साथ पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा।

## आर्य समाज में भजन उपदेशक रमेश कौशिक को दी श्रद्धांजलि



झज्जर। वैदिक यज्ञ में आहुति डालते हुए आर्यजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रविवार को आर्य समाज में साप्ताहिक वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। पुरोहित प्रदीप शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ संपूर्ण कराया। इस दौरान हाल ही में दिवंगत हुए आर्य समाज के भजनोपदेशक पंडित रमेशचंद्र कौशिक की आत्मिक शांति के लिए आहुति डालकर मौन धारण किया गया। आर्यजनों ने पंडित रमेशचंद्र कौशिक को प्रखर वक्ता एवं आर्य समाज को समर्पित शख्सियत बताया। आर्य समाज के प्रधान राजीव आर्य ने कहा कि समाज में रमेश कौशिक जैसे पुरोधाओं की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। इस दौरान भजनोपदेशक दलीप आर्य एवं जितेंद्र बरानी ने मधुर भजनों की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम में डॉक्टर गौतम प्रकाश आर्य, आत्मप्रकाश, ओमप्रकाश पूनिया, अंकित मौजूद रहे।

## गुरुग्राम को हरा हिसार ने जीती स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता



बहादुरगढ़। ट्रॉफी के साथ विजेता हिसार की टीम।

- गांव मेहंदीपुर डाबोदा में हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से गांव मेहंदीपुर डाबोदा में आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। फाइनल मुकाबला गुरुग्राम और हिसार के बीच खेला गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए हिसार ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम का सम्मानित किया गया। गत पांच फरवरी को यह प्रतियोगिता शुरू हुई थी। इसमें 22 जिलों की टीमों ने भाग लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तमाम मुकाबले जीतकर हिसार, गुरुग्राम, फरीदाबाद और जींद की टीमें सेमीफाइनल में पहुंची। रविवार को सेमीफाइनल मुकाबले हुए। जींद को 1-0 से हराकर गुरुग्राम की टीम फाइनल में पहुंची तो वहीं दूसरे सेमीफाइनल में इसी स्कोर से फरीदाबाद को हराकर हिसार ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में गुरुग्राम और हिसार के बीच जबरदस्त मैच देखने को को मिला। इस मैच का परिणाम पेनल्टी शूट से निकाला गया। पेनल्टी शूट में हिसार ने गुरुग्राम को 6-5 के अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। विधायक राजेश जून व पूर्व डीजीपी रंजीव दलाल ने विजेता टीम को सम्मानित किया। झज्जर एसो. के सचिव अशोक गुलिया, संदीप हिसार, ओम तंवर, आनंद, सुमित, उमेद, सुरेंद्र बल्हारा, प्रदीप डाबोदा, प्रधान प्रदीप दलाल सहित अन्य मौजिज लोगों ने विजेता टीम को बधाई दी।



बहादुरगढ़। लड्डू बांटकर दिल्ली जीत की खुशी मनाते भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी। फोटो: हरिभूमि

## भाजपा शहरी मंडल की कार्यकारिणी गठित

**बहादुरगढ़।** भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, भाजपा नेता दिनेश कौशिक समेत वरिष्ठ पदाधिकारियों से विचार विमर्श करके शहरी मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया है। साथ ही संजय सैनी ने दिल्ली में भाजपा को मिले भारी बहुमत की खुशी लड्डू बांटकर मनाई। संजय सैनी ने बताया कि रणजीत सिंह, धर्मेंद्र सैनी, रमेश कुमार, दीपक दलाल, नरेंद्र सिंगला, राज खुराना व प्रमिला जून को उपप्रधान बनाया गया है। यशपाल आशु व रमेश आर्य को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। निशा रानी, शुभम शर्मा, सोनू कौशिक, अमित, सूरज जाटव, अभिषेक वशिष्ठ व नरेंद्र अग्रवाल को सचिव बनाया गया है। विजय आसीवाल कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। डब्बू सूरज व पंकज खट्टर को आईटी सेल, रवि कौशिक व योगेश कौशिक को सोशल मीडिया की जिम्मेदारी दी गई है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन मजबूत करने तथा नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## सीनियर विद्यार्थियों ने प्रकाशपुंज के रूप में जूनियर्स को सौंपी विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

ब्रिगेडियर रण सिंह पब्लिक स्कूल दुजाना में नौंवी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान जहां जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स का तिलक लगाकर उनका स्वागत किया वहीं उन्हें मनमोहक व मनोरंजक शीर्षक देकर मंच पर आमंत्रित किया। जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को उपहार भी भेंट किए। इस दौरान दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी विरासत सौंपने के प्रतीक के रूप में नौंवी कक्षा के विद्यार्थियों को प्रज्ज्वलित प्रकाशपुंज भेंट किए। विदाई समारोह के दौरान छात्र अरनव को इस वर्ष का डायमंड ब्वाय तथा छात्रा खुशी को डायमंड गर्ल चुना गया। इसी प्रकार छात्र ऋषि को गोल्डन ब्वाय व महक को गोल्डन गर्ल चुना गया। वर्ष में शत- प्रतिशत उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों खुशी, कनिष्का, नितिन, दीपांशी, मुकुल, पंकज और दीक्षा को भी निदेशक कमांडर बीके शर्मा व प्राचार्या राजवंती अहलावत द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने स्कूल से जुड़े अपने खट्टे मीठे अनुभवों को सांझा करते हुए स्कूल निदेशक को स्मृति चिन्ह भेंट किया।



झज्जर। अपने जूनियर्स को प्रकाशपुंज सौंपते हुए सीनियर्स विद्यार्थी।



बहादुरगढ़। कार्यशाला में स्वयंसेविकाओं को हस्तकला का ज्ञान देती पिंकी। फोटो: हरिभूमि

## परनाला में लगाई कढ़ाई-बुनाई कार्यशाला हुई

**बहादुरगढ़।** रविवार को शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा गांव परनाला में चल रहे 7 दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन कढ़ाई व बुनाई कार्यशाला लगाकर स्वयंसेविकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। प्रातः कालीन सत्र में पिंकी ने स्वयंसेविकाओं को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि हस्तकला व अन्य लघु व्यवसाय शुरू कर उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। वे एक समृद्ध व संपन्न समाज तथा राष्ट्र के निर्माण में सहयोग दे सकेंगी। पिंकी ने महिला शिक्षा तथा सशक्तिकरण को लेकर भी अपने विचार रखे। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि स्वयंसेविकाओं ने अपने कौशल व हुनर को अन्य स्वयंसेविकाओं तक पहुंचाकर स्किल एक्सचेंज का उदाहरण प्रस्तुत किया है। इससे उनमें पारस्परिक सहयोग की भावना में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि हमें अपने सीखने के भाव को जागृत रखना चाहिए। शिविर में कॉलेज के उप-प्रधान प्रेमचंद बंसल ने भी शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को एनएसएस व एकजुटता की भावना के महत्व को समझाया। एनएसएस प्रभारी प्रवेश दहिया ने बताया कि सायंकालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की।

## देव नगर वालों ने पूर्व विधायक का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

देव नगर में पिछले कई वर्षों से रही सीवर ओवरफ्लो की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए स्थानीय निवासियों ने पूर्व विधायक राजेंद्र जून का आभार जताया। वार्ड नंबर-26 के पार्षद बलराम दलाल मिंटू ने बताया कि राजेंद्र सिंह जून ने अपने विधायक कार्यकाल में एस्टीमेट बनवाकर चंडीगढ़ से करीब 2 करोड़ रुपए के कार्य को मंजूरी दिलाई थी। रविवार को पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने पार्षद बलराम दलाल के साथ देवनगर में सीवर की नई पाइपलाइन डालने के कार्य का जायजा लिया। कॉलोनी निवासियों ने इस समस्या का स्थाई समाधान करवाने के लिए पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून का आभार जताया। चूंकि पिछले कई वर्षों से वे लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर थे। पूर्व विधायक राजेंद्र जून ने कहा कि देवनगर व अन्य कॉलोनियों की सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का समाधान करवाने के लिए उन्होंने अधिकारियों से एस्टीमेट बनवाया, चंडीगढ़ से करीब 2 करोड़ रुपए मंजूर कराए और अब विभाग द्वारा नई सीवरेज पाइप लाइन डलवाई जा रही है। इस अवसर पर महेंद्र गहलोत, रणधीर, आजाद जून, कृष्ण लोहचब, सुखबीर सांगवान, सूबेदार चंद्रभान, राज दलाल, अजय लोहचब, प्रो कप्तान सिंह, जगबीर जांगड़ा, हुकम जून, बसंत लाल, बलवान, रामफल जांगड़ा, शेखर जून, राकेश आदि ने पूर्व विधायक राजेंद्र जून व पार्षद बलराम दलाल का आभार जताया।



बहादुरगढ़। पूर्व विधायक राजेंद्र जून का आभार जताते पार्षद मिंटू व अन्य।



झज्जर। मिस्टर तथा मिस फेयरवेल के साथ संस्थान स्टाफ सदस्य।

## निखिल को मिस्टर फेयरवेल और तेजस्विनी को मिला मिस फेयरवेल का खिताब

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी के दौरान ग्याहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को विदाई दी। इस दौरान उन्होंने सीनियर्स के लिए टाइटल सांग लगाए तथा उन्हें एक्टिविटी टॉस्क दिया। पार्टी में बारहवीं कक्षा के विज्ञान संकाय के छात्र निखिल वत्स को मिस्टर फेयरवेल तथा कला संकाय की छात्रा तेजस्विनी को मिस फेयरवेल चुना गया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा, अजय जाखड़ व आर्ट टीचर रितिका मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

साइबर फ्रॉड से बचाव को एडवाइजरी जारी

# पार्ट टाइम जॉब ऑफर में ज्यादा मुनाफे के चक्कर में न फंसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिला पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा जहां निरंतर आमजन को साइबर फ्रॉड से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं डीसीपी लोगेश कुमार द्वारा टास्क या इन्वेस्टमेंट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने कहा कि सावधानी और जागरूकता ही साइबर फ्रॉड से बचाव का तरीका है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का साइबर अपराध होने पर तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।



लोगेश कुमार, डीसीपी झज्जर।

### बचाव के तरीके

- किसी विदेशी या भारतीय मोबाइल नंबर से कोई पार्ट टाइम जॉब के लिए कोई मैसेज आता है तो आपको अच्छी तरह जांच पड़ताल करें।
- पार्ट टाइम जॉब ऑफर में ज्यादा मुनाफे के चक्कर में न फंसे और इस प्रकार के मैसेज को अनदेखा करें।
- किसी भी प्रकार की जॉब के लिए आपको पैसे देने की आवश्यकता नहीं होती है, इसलिए कोई भी भुगतान न करें ।
- यदि आपके पास पार्ट टाइम जॉब का ऑफर आता है तो व्हाट्सएप या टेलीग्राम की बजाय मिलकर आमने सामने ही बात करें।
- यदि आपको पार्ट टाइम जॉब के लिए मैसेज आने पर जॉब देने वाली कंपनी के कार्यालय का पता लेकर उसे वेरीफाई करें।
- पार्ट टाइम जॉब ऑफर देने वाली कंपनी से अपॉइंटमेंट लैटर देने के लिए बात करें।
- जिस नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आता है उस नंबर पर जब आप कॉल करेंगे तो कभी भी आपका कॉल रिसीव नहीं किया जाता है।
- टास्क या इंवेस्टमेंट फ्राड में बैंक खाते में हर बार अलग अलग बैंक खातों से रुपये आते है। जबकि वास्तविक कंपनियों से एक ही खाते से रुपये आते हैं। वास्तविक कंपनी आपको रुपये डालने के लिए कभी भी अलग अलग बैंक खाते या अलग अलग यूपीआई आईडी नहीं देती।




झज्जर। लक्की ड्रा के विजेता विद्यार्थियों के साथ मौजूद निदेशक धर्मेंद्र जून।

## लक्की ड्रा में शुभम को एलईडी व हंसवी को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में परीक्षा

कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में 11वीं टेलेंट हंट परीक्षा का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक धर्मेंद्र जून, निदेशिका सुदेश जून व प्राचार्य विनोद कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके परीक्षा का शुभारंभ किया। परीक्षा में जिले के 30 गांवों से विभिन्न विद्यालयों के नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के करीब 3500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एक घंटे की इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को जांचना रहा। इसी बीच सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने जहां गीतों पर नृत्य करके समां बांधा वहीं नशे के प्रति जागरुकता का संदेश देते हुए नाटक व भगवान श्रीराम से संबंधित आध्यात्मिक गीतों की प्रस्तुति भी दी। इस दौरान एक लक्की ड्रा का आयोजन भी किया गया। जिसमें स्मार्ट एलईडी टीवी, साइकिल, मिक्सर जूसर, इंडक्शन, इलेक्ट्रिक कैटल, स्कूल बैग, स्टडी टेबल व दीवार घड़ी आदि पुरस्कार शामिल रहे। लक्की ड्रा के दौरान गुढ़ा गांव से शुभम नेहरा को एलईडी, भदानी गांव की छात्रा हंसवी को साइकिल, इशिका को जूसर मिक्सर का उपहार प्रदान किया गया। इसके अलावा तरीना, लक्ष्य, जय, रक्षित, प्रिंस व यशिका को भी इलेक्ट्रिक कैटल, स्टडी टेबल व दीवार घड़ी जैसे पुरस्कार मिले। निदेशक धर्मेंद्र जून ने सभी प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि विद्यालय समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन कराता रहता है।

## गाड़ी के शीशे तोड़े चालक पर डंडे से हमला किया

**बहादुरगढ़।** खुंगाई मोड़ पर दो गाड़ी चालकों के बीच विवाद हो गया। इस झगड़े में एक चालक पर डंडे से वार किया गया और उसकी गाड़ी के शीशे तक तोड़ दिए गए। पीड़ित की शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में अच्छेज गांव के निवासी दिव्येश सोलंकी ने कहा है कि वह अपनी गाड़ी में सवार होकर झज्जर से गुरुग्राम जा रहा था। करीब ढाई बजे खुंगाई मोड़ पर पहुंचा तो ओवरटेक कर एक गाड़ी मेरे आगे आकर रुकी। उस गाड़ी में एक व्यक्ति व दो महिलाएं थी। गाड़ी से नीचे उतरकर व्यक्ति मेरे पास आया और खिड़की पर लात मारी। मैं नीचे उतरा तो मुझे गालियां देने लगा। हम दोनों को उस व्यक्ति की मां ने समझाया। इसके बाद मैं अपनी गाड़ी लेकर चलने लगा तो उसने पीछे से गाड़ी पर पत्थर फेंका, जिससे शीशा टूट गया। फिर मैं नीचे उतरा तो उसने डंडे से मेरे मुंह पर वार किया और गाड़ी लेकर भाग गया। जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी। मैंने सीएचसी में जाकर उपचार कराया। उधर, सूचना पाकर पुलिस सीएचसी में पहुंची। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।